24/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में सौ करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि मध्य प्रदेश के इंदौर में चौबीस घंटे में बारह लाख से अधिक पौधे लगाकर पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान के जैसलमेर में महिलाओं की एक टीम ने एक घंटे में पच्चीस हजार पेड़ लगाए। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप की भी प्रशंसा की। यह ग्रुप सुबह की सैर के दौरान गंगा नदी के किनारे प्लास्टिक और कचरे को एकत्रित करता है। श्री मोदी ने कॉरपोरेट जगत की चमक-दमक छोड़कर अरुणाचल की सांगटी वैली की सफाई में जुटी असम की इतिशा का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयास भारत के स्वच्छता अभियान को गति देते हैं। इस बीच प्रधानमंत्री ने देश में NCC को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि पांच हजार नए विद्यालयों और महाविद्यालयों में एनसीसी का प्रावधान किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी में बालिकाओं की संख्या लगभग चालीस प्रतिशत हो गई है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में एनसीसी से जुड़ने का आग्रह किया। श्री मोदी ने अगले वर्ष स्वामी विवेकानंद की एक सौ बासठवीं जयंती पर दिल्ली में 'विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद' आयोजित करने की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस संवाद में पूरे देश से करोड़ों युवा भाग लेंगे। गांवों, प्रखंडों, जिलों और राज्यों से चुने गए ऐसे दो हजार युवा संवाद के लिए दिल्ली के भारत मंडपम में भाग लेंगे।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के. टी. परनाइक ने आज नोक्ते जनजाति के जीवंत कृषि त्योहार चालो लोकु के अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की कि यह त्योहार पूरे राज्य में शांति, सद्भाव और भाईचारे को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे त्योहार सांस्कृतिक विरासत और एकता को बनाए रखने में मदद करते हैं। राज्यपाल ने बुजुर्गों से इन परंपराओं को संरक्षित करने का भी आग्रह किया और नोक्ते समुदाय के साथ मिलकर सभी की समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन और विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंगते ने शनिवार को ईटानगर में अरुणाचल रंग महोत्सव में प्रसिद्ध लेखक येशे दोरजी थोंगची द्वारा लिखित एसेमिस नॉवल ढोलर सेवत लामसीवा का संयुक्त रूप से विमोचन किया। इस नॉवल में धर्मांतरण के मुद्दों और स्वदेशी संस्कृति पर इसके प्रभाव को संबोधित किया गया है। इस अवसर पर बोलते हुए, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने इन संवेदनशील विषयों को उजागर करने और समाधान प्रस्तुत करने के लिए पुस्तक की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में विधायकों, कलाकारों और साहित्यकारों ने भाग लिया, जिसमें श्री थोंगची ने अपने काम के बारे में जानकारी साझा की।

000000000000000000000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि वे एक महान आध्यात्मिक मार्गदर्शक और सच्चे देशभक्त थे। राष्ट्रपति मुर्मु ने लोगों से श्री गुरु तेग बहादुर की शिक्षाओं को अपनाने और उनके महान आदर्शों का अपने जीवन में अनुसरण करने को कहा। इस बीच उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी गुरु तेग बहादुर को उनके शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि दी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उपराष्ट्रपति ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहस और निस्वार्थ बलिदान का एक उज्ज्वल प्रतीक हैं।

0000000000000000000

सरकार कल नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान 'अब कोई बहाना नहीं' की शुरुआत करेगी। इस अभियान में जनता, सरकार और प्रमुख हितधारकों से लिंग आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया गया है। यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालयों के बीच एक संयुक्त प्रयास है, जिसे संयुक्त राष्ट्र महिला का समर्थन प्राप्त है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि यह अभियान नई चेतना 3.0 अभियान के साथ शुरू किया जाएगा ताकि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए कार्रवाई के आह्वान को व्यापक रूप से फैलाया जा सके और कोई भी पीछे न छूटे। पच्चीस नवंबर को, महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस हर साल दुनिया भर में मनाया जाता है।

00000000000000000000

पचपनवें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के नतीजे आज घोषित किए गए। टीम ग्रीन द्वारा बनाई गई गुल्लू ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जिसके लिए उन्हें पांच लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिला। फिल्म के पुष्पेंद्र कुमार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार भी मिला। लवफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन की विशाखा नाइक ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। पुष्पेंद्र ने CMOT को "वास्तव में एक बेहतरीन अनुभव" बताया और युवा फिल्म निर्माताओं का समर्थन करने के लिए अंतर्राष्टीय फिल्म महोत्सव को धन्यवाद दिया। प्रतियोगिता के लिए चुने गए सौ युवा प्रतिभागियों के एक समूह को 20-20 सदस्यों की पांच टीमों में विभाजित किया गया था। उन्हें अड़तालीस घंटों के भीतर एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस पहल का मुख्य उद्देश्य फिल्म निर्माण के क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

000000000000000000000

आईसीएआर-राष्ट्रीय मिथुन अनुसंधान केंद्र, नागालैंड द्वारा पशुपालन और डेयरी विकास विभाग, केई-पन्योर जिले के सहयोग से, याचुली के पेई-पोचू गांव में वैज्ञानिक मिथुन पालन पर एक पशु स्वास्थ्य शिविर-सह-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान, तीन वरिष्ठ वैज्ञानिकों, डॉ. जयंता कुमार चामुआ पेरासिटोलॉजी, डॉ. वाईएम सोमागोंड अनिमेल फिजियोलॉजी और डॉ. प्लाबिता गोस्वामी वेटिरियन मेडिसीन ने किसानों को मिथुन के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए अर्ध-गहन खेती अपनाने का मार्गदर्शन किया।

फूट एंड माऊथ डिसिज वैक्सीनेशन, ईयर-टैगिंग और सेंपल कलेक्शन जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इस अवसर पर बोलते हुए, याचुली के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लिगे बासार ने मिथुन और मवेशियों के लिए एफएमडी वैक्सीनेशन के महत्व पर जोर दिया। इस शिविर से लगभग सत्तर मिथुन किसानों को लाभ हुआ।

0000000000000000000000